संचारी रोगों से बचाव को सफाई जारी

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर कोरोना वायरस-19 तथा संचारी रोगों एवं अन्य वैक्टरजनित रोगों की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु संचारी रोग नियत्रंण अभियान के तहत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विषेश सफाई अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश पर नगर मेंआमजन को विभिन्न प्रकर की बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा नगर क्षेत्र में संचारी रोग नियत्रंण अभियान चलाया जा रहा है, जिससे नगर में सफाई व्यवस्था और अधिक बेहतर व नगर को एक अच्छा वातावरण मिल सकें।

नगर आयुक्त द्वारा सभी नोडल अधिकारियों/सहायक नोडल अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने, सेनेटइजेंषन और 2 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। संचारी रोग अभियान के तहत नगर क्षेत्र के सफाई जोन-1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार की देखरेख में हाथीथान, सफाई जोन-02 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित की देखरेख में ब्रज बिहार कॉलोनी, सफाई जोन-03 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल सिंह की देखरेख में मोहम्मदजई, सफाई जोन-04 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चन्द्रवीर सिंह सागर की देखरेख में मेहमान षाह, सफाई जोन-05 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य की देखरेख में दलेलगंज में विषेश सफाई अभियान के साथ-साथ सेनेटाइजेशन व एण्टरलार्वा का छिड़काव व फागिंग का कार्य किया गया।